an>

Title: Need to improve the condition of post office buildings as well as appointment of adequate postal staff in Bardoli parliamentary constituency, Gujarat.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदोली) : अध्यक्ष महोदया, भारत सरकार का एक उपक्रम डाक विभाग वर्तमान समय में बहुत ही दयनीय स्थिति में चल रहा है। कहीं पर स्टाफ की कमी है और कहीं पर भवन की हालत जर्जर स्थिति में है। आज भी मृतकों के आश्रित बहाली के लिए लंबी कतार में हैं परन्तु उनकी बहाली नहीं हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप मृतक के आश्रित परिवार भुखमरी के कगार पर पहुँच गए हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र बारदोली जिला-सूरत, गुजरात के आदिवासी कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में डाक भवन की स्थिति काफी खराब है तथा कर्मचारी की कमी की वजह से वहाँ की ग्रामीण जनता को कोई भी सुविधा नहीं मिल पा रही है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि डाक विभाग की सुविधा को सुधारने हेतु आवश्यक कदम उठाने की कृपा करें।